# लंबे समय तक कम रहेगी रेपो दर : मल्होत्रा

## विदेशी मुद्रा भंडार 723.8 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर



**मुंबई, 06 फरवरी. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि अर्थव्यवस्था इस समय अच्छी स्थिति में है, खुदरा मुद्रास्फीति की दर नीचे बनी हुई है और इसे देखते हुए आने वाले लंबे समय तक रेपो दर निचले स्तर पर बनी रहेगी.**

श्री मल्होत्रा ने यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की द्विमासिक बैठक के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब देते हुए कहा, 'हम अच्छी स्थिति में हैं, मुद्रास्फीति, विशेषकर कोर मुद्रास्फीति, कम बनी हुई है. लंबे समय तक नीतिगत दरें निचले स्तर पर रहेंगी. इसमें और कमी होगी या नहीं यह मैं एमपीसी पर छोड़ता हूं.'

एमपीसी की बैठक में सर्वसम्मति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया गया. समिति ने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का अनुमान 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया. मौद्रिक नीति संबंधित बयान जारी करते हुए श्री मल्होत्रा ने कहा कि भू-राजनैतिक तनाव बढ़ा हुआ है और वैश्विक व्यापार में तनाव बढ़ रहा है. इस बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है. यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों से इसे और गति मिलने की संभावना है. रेपो दर के साथ अन्य नीतिगत दरों को भी यथावत रखा गया है.

> आरबीआई ने कहा कि भू-राजनैतिक अनिश्चितता अब भी ऊंची बनी हुई है और व्यापार तनाव भी बढ़ रहा है. इस सबके बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के सभी कारक मजबूत हैं. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ा है. वस्तु निर्यात में भी तीसरी तिमाही में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. हालांकि वस्तु आयात में भी 7.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन और विदेशों में रहने वाले भारतीय द्वारा मनीऑर्डर में वृद्धि से चालू खाते का घाटा कम बना हुआ है. विदेशी मुद्रा भंडार का स्तर 11 महीने के वस्तु आयात और दशकों के चालू खाते के घाटे की भरपाई के लिए पर्याप्त है.

## पीएफसी-आरईसी विलय : बोर्ड ने दी हरी झंडी

**नई दिल्ली, 6 फरवरी.** पावर वित्त निगम के बोर्ड ने हाल ही में रिन्यूएबल एनर्जी कारपोरेशन के साथ विलय को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है. यह कदम केंद्रीय बजट 2026-27 में वित्त मंत्री द्वारा घोषित पुनर्गठन की दिशा में पहला बड़ा कदम है. केंद्रीय आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति से मिली प्राथमिक मंजूरी के तहत पीएफसी ने आरईसी में सरकार की 52.63 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया है. अब पीएफसी और आरईसी दोनों कंपनियां अपनी कार्यशील संरचना में होल्डिंग और सहायक कंपनियों के रूप में काम करेंगी.बजट भाषण में वित्त मंत्री ने सार्वजनिक क्षेत्र की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को मजबूत बनाने और तकनीकी सुधार, दक्षता और ऋण वितरण बढ़ाने के उद्देश्य से पुनर्गठन की योजना का एलान किया था.

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी

**266 अंक उछला सेंसेक्स**

**50.90 अंक पर मजबूत रहा निफ्टी**

**मुंबई 6 फरवरी.** भारतीय शेयर बाजारों में फिर से तेजी का सिलसिला देखने को मिला, जिससे निवेशकों के चेहरे पर राहत की लकीर आई. प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स ने दिन के अंत में 266.47 अंक की मजबूती के साथ कारोबार समेटते हुए 83,580.40 अंक पर बंद किया, जबकि एनएसई निफ्टी-50 भी 50.90 अंक ऊपर बंद होकर 25,693.70 अंक पर पहुंचा. शुरुआत में बाजार कुछ दबाव में रहा और निवेशक आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक के फैसले से पहले थोड़ी बेचैनी में दिखे, जिससे दोनों ही बेंचमार्क




सूचकांक समय-समय पर लाल निशान में ट्रेड करते भी देखे गए.

लेकिन व्यापार के मध्य से अंत तक खरीदारी की मजबूत लहर ने बाजार की दिशा बदल दी.

विशेषज्ञों के अनुसार, बाजार में यह उछाल बैर उम्मीदों से ऊपर की- ओवरल प्रदर्शन और कुछ प्रमुख शेयरों में होने वाली ख़रीदारी का परिणाम है. ख़ास तौर पर वित्तीय, ऊर्जा और कंज़्यूमर स्टेपल्स जैसे क्षेत्रों के शेयरों में अच्छा निवेश देखने को मिला, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने ख़ुद को मजबूती से स्थापित किया.

> बाज़ार विश्लेषक बताते हैं कि कुछ हफ्तों पहले आई नकारात्मक प्रवृत्तियों और गिरावट के बाद यह उभरती खरीदारी एक सकारात्मक संकेत है, हालांकि निवेशक अभी भी वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और नीतिगत फैसलों पर नज़र बनाए हुए हैं. बड़ी बात यह है कि अधिकांश सेक्टर्स ने हिरनिशान में ताज़ा उछाल देखा और कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में बढ़त ने भी सूचकांकों को समर्थन दिया. निफ्टी-50 के कारोबार में व्यापक मजबूती रही, जिससे यह 25,600 के ऊपर मजबूती के साथ बंद हुआ. विशेषज्ञ आगे यह भी कहते हैं कि बाजार की वर्तमान रौनक अल्प अवधि के ख़रीदारों के बीच उत्साह बना रही है.

# सोना 1.51 लाख के पार, चांदी 13 हजार सस्ती

**नई दिल्ली, 06 फरवरी. फरवरी 2026 में सोना-चांदी की कीमतों ने एक बार फिर आम लोगों और निवेशकों को राहत दी है। लगातार ऊंचे स्तर पर बने रहने के बाद अब गोल्ड और सिल्वर दोनों के भाव में गिरावट दर्ज की गई है.**

खास बात यह है कि 24 कैरेट सोना जहां 1 लाख 51 हजार के पार बना हुआ है, वहीं इसमें एक दिन में 1,000 से ज्यादा की कमी आई है। दूसरी ओर, चांदी की कीमतों में तो और भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है, जिससे बाजार में हलचल तेज हो गई है।

शादी-विवाह और निवेश के लिहाज से फरवरी का महीना हमेशा अहम माना जाता है। ऐसे में कीमतों में आई यह नरमी खरीदारों के लिए एक अच्छा मौका साबित हो सकती है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी ताजा



आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह सोने की सभी शुद्धताओं—24 कैरेट से लेकर 14 कैरेट तक—के दाम नीचे आए हैं। वहीं, 999 शुद्धता वाली चांदी प्रति किलो 13,000 से ज्यादा सस्ती हो गई है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय संकेतों और डॉलर की चाल का असर घरेलू सर्राफा बाजार पर साफ दिख रहा है। ऐसे में सवाल उठता है—क्या यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी या फिर कीमतें दोबारा चढ़ेंगी इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 6 फरवरी 2026, शुक्रवार को सोना और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है.

> गुरुवार शाम की तुलना में शुक्रवार सुबह सोने के भाव में ?900 से 1,000 तक की कमी आई है। 24 कैरेट सोना, जो गुरुवार को 1,52,502 प्रति 10 ग्राम था, अब घटकर 1,51,489 प्रति 10 ग्राम रह गया है। यानी एक ही दिन में इसमें 1,013 की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह 23 कैरेट (995 शुद्धता) सोने का भाव 1,009 घटकर 1,50,882 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। 22 कैरेट सोना भी सस्ता हुआ है और इसका रेट 928 गिरकर 1,38,764 प्रति 10 ग्राम हो गया है। अगर बात 18 कैरेट और 14 कैरेट सोने की करें, तो इनमें भी क्रमश: 760 और ?593 की कमी देखी गई है। चांदी की बात करें तो यहां गिरावट और भी ज्यादा चौंकाने वाली है.

## आइफोन 17ई का लॉन्च नजदीक

**नई दिल्ली 6 फरवरी** एप्पल का नया स्मार्टफोन आइफोन 17ई जल्द ही बाजार में लॉन्च होने वाला है. इसके लॉन्च इवेंट की तारीख करीब एक महीने से भी कम समय में आ रही है और इसे लेकर चर्चा लगातार बढ़ रही है. इंटरनेट पर रोजाना नई लीक तस्वीरें और स्पेसिफिकेशन सामने आ रहे हैं, जिससे फोन की लोकप्रियता पहले से ही बढ़ चुकी है. विशेषज्ञों के अनुसार, आइफोन 17ई अपने पिछले 'ई' मॉडल की तुलना में बेहतर तकनीक, कैमरा और प्रदर्शन के साथ आएगा. आइफोन 17ई फरवरी के आखिरी सप्ताह या मार्च के पहले सप्ताह (26 फरवरी से 4 मार्च) के बीच लॉन्च किया जा सकता है. कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह फोन 28 फरवरी 2026 को भी लॉन्च हो सकता है.

# पश्चिम रेलवे का अहमदाबाद मंडल बना राजस्व चैंपियन

## जनवरी में 14प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा कुल राजस्व, यात्री सुविधा से राजस्व तक, अहमदाबाद मंडल अव्वल

**33.80 लाख यात्रियों को दी सुरक्षित व सुगम सेवा**

**अहमदाबाद, 06 फरवरी. जनवरी 2026 में 800 करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित कर बनाया कीर्तिमान पश्चिम रेलवे का अहमदाबाद मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर सेवाएँ प्रदान करने तथा राजस्व वृद्धि के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है.**

इसी क्रम में जनवरी 2026 के दौरान मंडल ने यात्री एवं माल राजस्व, टिकट जांच, गैर-भाड़ा राजस्व तथा व्यवसाय विकास के क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राजस्व एवं यात्री उपलब्धियाँ अहमदाबाद मंडल ने जनवरी 2026 में कुल 806.86 करोड़ का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14.43प्रतिशत अधिक है।



रु.150.57 करोड़ का यात्री राजस्व अर्जित किया गया, जो पिछले वर्ष से 8प्रतिशत अधिक है। रु.642.29 करोड़ का माल राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष से 18प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2026 में 33.80 लाख यात्रियों को परिवहन सेवा प्रदान की गई, जो पिछले वर्ष से 9.28प्रतिशत अधिक है।

टिकट जांच अभियानों से 2.25 करोड़ की आय अर्जित हुई, जो पिछले वर्ष से 26.40प्रतिशत अधिक है। सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियाँ कंटेनर कमोडिटी से 215.73 करोड़ का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ मासिक माल राजस्व प्राप्त हुआ, जो दिसंबर 2025 के 211.45 करोड़ से अधिक है। आईएफएफसीओ साइडिंग, खोडियार से 9.44 करोड़ का सर्वश्रेष्ठ मासिक राजस्व अर्जित हुआ, जो अक्टूबर 2025 के 9.21 करोड़ से अधिक है.

> एलपीजी साइडिंग से 12.92 करोड़ का सर्वश्रेष्ठ राजस्व प्राप्त हुआ तथा रक्षा कमोडिटी ने भी नया सर्वकालिक रिकॉर्ड बनाया, जो दिसंबर 2025 के 10.73 करोड़ से अधिक है। सामाखियाली फ्रेट टर्मिनल से ?8.32 करोड़ का सर्वश्रेष्ठ मासिक राजस्व प्राप्त हुआ। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 2,700 मामलों से 5.05 लाख की रिकॉर्ड जुर्माना वसूली की गई। 12.07 करोड़ का गैर-भाड़ा राजस्व अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। प्रतीक्षासूची यात्रियों की सुविधा हेतु 32 विशेष ट्रेन ट्रिप चलाई गईं, जिनसे 5.92 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। ई-नीलामी के माध्यम से तीन पार्सल परिसंपत्तियों के लिए तीन वर्ष की लीज प्रदान कर 7.96 करोड़ का राजस्व सुनिश्चित किया गया।

# 50 हजार तक की ठगी पर मिलेगी आर्थिक राहत

**मुंबई, 06 फरवरी.** डिजिटल बैंकिंग माध्यमों से धोखाधड़ी के शिकार लोगों को बड़ी राहत देते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहकों को 25 हजार रुपये तक वापस करने का प्रस्ताव किया है. आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद जारी बयान में बताया कि इसके लिए जल्द ही केंद्रीय बैंक एक फ्रेमवर्क जारी करेगा. इसमें 50 हजार रुपये या उससे कम की धोखाधड़ी के मामलों को शामिल किया जायेगा. श्री मल्होत्रा में बाद में संवाददाताओं के सवालों के जवाब देते हुए बताया कि 'बिना कोई सवाल पूछे' ग्राहकों को 85 प्रतिशत राशि वापस की जायेगी. धोखाधड़ी की राशि में से 15 प्रतिशत का नुकसान ग्राहक को उठाना होगा.और 15 प्रतिशत का नुकसान संबंधित बैंक उठायेगा. शेष 70 प्रतिशत राशि आरबीआई देगा. हालांकि किसी भी स्थिति में ग्राहक को 25,000 रुपये से अधिक का हर्जाना नहीं मिलेगा.

## टाटा पंच ईवी में बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली 6 फरवरी.** टाटा मोटर्स अपनी लोकप्रिय एसयूवी पंच ईवी को नए अवतार में पेश करने की तैयारी कर रही है. खबरों के अनुसार, कंपनी 20 फरवरी 2026 को टाटा पंच ईवी फेसलिफ्ट लॉन्च कर सकती है. इससे पहले टाटा ने पंच के पेट्रोल मॉडल को अपडेट किया था, अब इलेक्ट्रिक वर्जन की बारी है. नई पंच ईवी डिज़ाइन में पुराने मॉडल से प्रेरित रहेगी, लेकिन इलेक्ट्रिक पहचान के साथ आएगी. इसमें नया फ्रंट फेसिया, बंद ग्रिल, स्लीक एलईडी हेडलाइट्स और पीछे कनेक्टेड एलईडी टेल-लैंप्स होंगे.

# रेपको होम फाइनेंस लिमिटेड के वित्तीय परिणाम - Qx, FY 2025-26

**चेन्नई, 6 फरवरी. रेपको होम फाइनेंस लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 05 फरवरी 2026 को हुई अपनी मीटिंग में 31 दिसंबर, 2025 को खत्म हुई तिमाही के वित्तीय परिणामों को मंज़ूरी दे दी है।**

कुल लोन बुक 31 दिसंबर, 2025 को 15,394 करोड़ रुपये थी, जबकि एक साल पहले यह 14,155 करोड़ रुपये थी, जिसमें 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, और 30 सितंबर, 2025 तक AUM 15,033 करोड़ रुपये था. 31 दिसंबर, 2025 तक, गैर-वेतनभोगी वर्ग को दिए गए लोन बकाया लोन बुक का 52.9% फीसदी थे और वेतनभोगी वर्ग को दिए गए लोन लोन बुक का 47.1 फीसदी थे. हाउसिंग लोन कुल लोन का 71.0% थे, जबकि होम इक्विटी उत्पाद बकाया लोन बुक का 29.0% थे. कंपनी द्वारा दिए गए 100% लोन रिटेल लोन हैं. GNPA 31 दिसंबर, 2025 तक 450 करोड़ रुपये था, जबकि 31 दिसंबर, 2024 तक यह 546 करोड़ रुपये और 30 सितंबर, 2025 तक 475 करोड़ रुपये था.

NNPA 31 दिसंबर, 2025 तक लोन एसेट का 213 करोड़ रुपये था, जबकि 30 दिसंबर, 2024 तक यह 209 करोड़ रुपये और 30 सितंबर, 2025 तक 225 करोड़ रुपये था. 31 दिसंबर, 2025 तक ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (GNPA) अनुपात 2.92% और नेट NPA अनुपात लोन एसेट का लगभग 1.38% था. यह 31 दिसंबर, 2024 के 3.86% और 1.51% के मुकाबले है. IND AS के तहत ज़रूरी होने के कारण, कंपनी ने 359 करोड़ रुपये के अपेक्षित क्रेडिट नुकसान के लिए प्रोविज़न रखा है, जो कुल लोन एसेट्स का 2.3% है. Qx FY26 में लोन सैंक्शन 1,087 करोड़ रुपये रहा, जबकि Qx FY 25 में यह 806 करोड़ रुपये था, जो 35% की ग्रोथ दिखाता है. Qx FY26 में लोन डिस्बर्समेंट 1,064 करोड़ रुपये रहा, जबकि Qx FY25 में यह 761 करोड़ रुपये था, जो 40% की ग्रोथ दिखाता है. Qx FY26 में कुल इनकम 457 करोड़ रुपये रही, जबकि Qx FY25 में यह 445 करोड़ रुपये थी, जो 3त्न की ग्रोथ दिखाती है. Qx FY26 में नेट इंटरेस्ट इनकम 208 करोड़ रुपये रही, जबकि Qx FY25 में यह 198 करोड़ रुपये थी, जिसके परिणामस्वरूप 5% की अच्छी ग्रोथ हुई.Qx FY26 में नेट प्रॉफिट 109 करोड़ रुपये रहा, जबकि Qx FY25 में यह 107 करोड़ रुपये था. लोन स्प्रेड 3.8% पर हेल्दी बना रहा. एसेट्स पर रिटर्न 2.9% रहा.

## बिटकॉइन हुआ आधा, क्रिप्टो निवेशकों में मचा हाहाकार

**नई दिल्ली.** क्रिप्टो मार्केट में शुक्रवार को भारी हाहाकार देखने को मिला. मार्केट कैप के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा क्रिप्टो बिटकॉइन रिकॉर्ड ऊंचाई से लगभग आधा गिर गया है. बिटकॉइन फिलहाल 64,831 पर कारोबार कर रहा है. वहीं एथेरियम भी 2,000 से नीचे आ गया. टॉप-10 क्रिप्टोकरेंसी में पिछले हफ्ते 30 प्रतिशत की गिरावट आई है. बिटकॉइन ने पहली बार 6 नवंबर 2024 को डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव में संभावित जीत के चलते 75,000 का रिकॉर्ड पार किया था.



# बिहार के कद्दावर नेता साधेंगे वोटों पर निशाना, बीजेपी की जातीय समीकरण की तीरंदाजी

**पटना. बंगाल विधानसभा चुनाव के रण में बिहारियों का दिल जीतने को बिहार भाजपा के रणबांकुरे अब अपना डेरा जमाने की दिशा में आगे बढ़ चले हैं. प्रदेश के रणनीतिकारों ने चुन-चुन कर अपने उन रणबांकुरों को पश्चिम बंगाल की कमान सौंपी है जिन्हें अपनी-अपनी जाति के नेता होने का गौरव प्राप्त है.**

भाजपा के रणनीतिकारों ने पश्चिम बंगाल में फिलहाल सोशल इंजीनियरिंग के नामचीन सिपहसालारों को चुनावी आधार तैयार करने को जमीन पर उतार दिया है. हालांकि बिहार की तरह जातीय जकड़न में पश्चिम बंगाल भले नहीं बंधा हो पर जो लोग यूपी और बिहार से पलायन करके पश्चिम बंगाल में रोजी-रोटी कमा रहे हैं, अब उनके कदम भी राजनीति में बड़ी मजबूती से आगे बढ़ने लगे हैं.

अब ऐसे लोगों को रिझाने के लिए भाजपा ने जातीय पहचान लिए कद्दावर नेताओं को टारगेट देते हुए सरजमी पर उतारा है. चलिए जानते हैं बिहार के ऐसे कद्दावर नेताओं को जो पश्चिम बंगाल में अपनी अपनी जाति के वोटों को भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में करने में जुट गए हैं.

**कौन है ये कद्दावर नेता?-** बिहार भाजपा ने बिहार से पश्चिम बंगाल में रच बस गए यादव वोटरों को भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में वोट करने के लिए पूर्व मंत्री रामसूरत राय को पश्चिम बंगाल की भूमि पर प्रचार करके उम्मीदवारों को जिताने की जिम्मेदारी सौंपी है. भूमिहार और ब्राह्मण जाति के वोटरों को भाजपा के पक्ष में करने को देवेश मिश्रा और पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा को पश्चिम बंगाल भेजा है. वैसे बतौर प्रभारी मंगल पांडेय का भी काफी बड़ा असर है. कायस्थ जाति के लोंगों को आकर्षित करने के लिए भाजपा के रणनीतिकारों ने प्रदेश महासचिव राजेश वर्मा को पश्चिम बंगाल की चुनावी रणभूमि में उतारा है. यूं तो पश्चिम बंगाल में कायस्थ जाति के विशेष झुकाव के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष भी काफी हैं. वैश्य जाति के वोट लेने को भाजपा ने पूर्व विधायक मिथिलेश कुमार को चुनावी जंग में उतारा है. भाजपा के रणनीतिकारों ने जगन्नाथ ठाकुर और पूर्व विधायक निकी हेंब्रम को भी क्रमश- दलित और आदिवासी वोटों को हैंडल करने के लिए फील्डिंग सजाई है.

**यूको बैंक UCO BANK**
(A Government of India Undertaking)

आंचलिक कार्यालय, 380-381, साकेत नगर, इंदौर (म.प्र.)
फोन: 0731-2438331
email: zoindore.rec@uco.bank.in

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना
ई-नीलामी दिनांक 24.02.2026

**(सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत)**
**सिक्युरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल इंटरेस्ट एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट नियम 2002 के अन्तर्गत**
**सम्पत्ति के विक्रय की सार्वजनिक सूचना ईएमडी एवं दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 24.02.2026 को दोपहर 1 बजे तक या उसके पूर्व अचल सम्पत्ति की बिक्री जो बैंक के पास बंधक है**
**सिक्युरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल इंटरेस्ट एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट नियम 2002**

जबकि **यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा धारा 13 (2) व सिक्युरिटायजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल इंटरेस्ट एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट नियम 2002 के अन्तर्गत सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। बैंक कि बकाया राशि ब्याज सहित हेतु निम्न सम्पत्तियों को **जहाँ है जैसी है, जैसी है वैसी है, जो कुछ भी है, बिना संसाधन** के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ऋणी द्वारा बैंक का बकाया मय ब्याज के चूकाने मे असफल होने के कारण अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सरफेसी अधिनियम 13 (4) के अन्तर्गत सम्पत्ति की ई-नीलामी वेबसाइट द्वारा की जानी है।

| क्रं. | शाखा | ऋणियों के नाम | ऋणी के खाते में बकाया राशि (₹) | सूचना दिनांक एवं आधिपत्य दिनांक | स्वायत शासी संस्थाओं का बकाया | संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य यथा / बयाना राशि | ईएमडी खाता क्रं., शाखा एवं आईएफएससी कोड क्रं. | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पिपलियाहाना शाखा, इन्दौर | श्री सुरज दास बैरागी (प्रो: मेसर्स सन एग्रोटेक) | 1,99,98,974.16 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | 11.02.25 / 17.04.25 | पता नहीं | **संपत्ति 1:** 305 एवं 306 पर स्थित व्यवसायिक फ्लेट, असावा चेम्बर, तीसरी मंजिल, प्लाट नं. 14, स्नेह नगर, महाराजा अग्रसेन मार्ग, आईडीए स्कीम नं. 31, सपना संगीता रोड, इन्दौर 452001, सुपर बिल्टअप **क्षेत्रफल 558.80 वर्गफीट**, मालिक: श्री सुरजदास बैरागी, रजिस्टर्ड वाईड सेल डीड MP179132023AI2088197 दिनांक 05.07.2023, सब रजिस्ट्रार ऑफिस इन्दौर, **चर्तु:सीमा: पूर्व:** अन्य बिल्डिंग, **पश्चिम:** कॉमन पेसेज, **उत्तर:** कॉमन सिढ़ी, **दक्षिण:** फ्लेट नं. 307 | रु. 28.18 लाख / रु. 2,81,800 | 22830210001462 आनंद बाजार, इंदौर UCBA0002283 | 24.02.2026 1.00 से 5.00 बजे तक (असीमित विस्तार के साथ उपरोक्तानुसार) |
| | | | | | | **संपत्ति 2:** 307 पर स्थित व्यवसायिक फ्लेट, असावा चेम्बर, तीसरी मंजिल, प्लाट नं. 14, स्नेह नगर, महाराजा अग्रसेन मार्ग, आईडीए स्कीम नं. 31, सपना संगीता रोड, इन्दौर 452001, सुपर बिल्टअप **क्षेत्रफल 550.50 वर्गफीट**, मालिक: श्री सुरजदास बैरागी, रजिस्टर्ड वाईड सेल डीड MP179132023A12088099 दिनांक 05.07.2023, सब रजिस्ट्रार ऑफिस इन्दौर, **चर्तु:सीमा: पूर्व:** अन्य बिल्डिंग, **पश्चिम:** फ्लेट नं. 308, **उत्तर:** फ्लेट नं. 306, **दक्षिण:** कॉमन पेसेज उसके बाद सड़क | रु. 32.17 लाख / रु. 3,21,700 | | |
| 2. | संयोगितागंज शाखा, इन्दौर | मेसर्स सैश मेटल प्रो.: श्री मोहित यादव | 35,44,714.80 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | 01.02.25 / 17.05.25 | पता नहीं | औद्योगिक संपत्ति का हिस्सा जिसका सर्वे क्रमांक 155है, जिसका भूमि **क्षेत्रफल 1858.05 वर्गमीटर** है और जो **सैश मेटल, प्रो. श्री मोहित यादव** के नाम पर है, जो गांव निमरानी, तहसील कसरावद, जिला खरगोन मध्यप्रदेश में स्थित है। **चर्तु:सीमा: उत्तर:** औद्योगिक क्षेत्र रोड, **दक्षिण:** विभाग की भूमि, **पूर्व:** मेसर्स खालसा रबर इंडस्ट्रीज, **पश्चिम:** विभाग पथ | रु. 62.96 लाख / रु. 6,29,600 | 22830210001462 आनंद बाजार, इंदौर UCBA0002283 | 24.02.2026 1.00 से 5.00 बजे तक (असीमित विस्तार के साथ उपरोक्तानुसार) |

**आनलाईन निविदा/नीलामी की नियम व शर्ते:** (1) बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट **https://baanknet.com** देखें (बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए और ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए भी)। (2) इच्छुक बोलीदाता के पास एक स्वयं की वैध सक्रिय ई-मेल आईडी और पैन होना चाहिए। (3) अपसेट प्राईस/रिजर्व प्राईस की 10% (ईएमडी राशि) राशि सर्विस प्रोवाइडर द्वारा बनाये गये वर्चुअल वॉलेट में भेजी जानी चाहिये और बकाया राशि निविदा फार्म मे स्पष्ट रुप से दर्शाई जाना चाहिए। (4) अधोहस्ताक्षरी के पास पूर्ण अधिकार है की वह बिना किसी पूर्व सूचना के एवं बिना कोई कारण बताएं किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या स्थगित/रद्द करने का बिक्री की किसी भी नियम व शर्तों को बढ़ाने/संशोधित करने का अधिकार है। (5) बिक्री सरफेसी संशोधित अधिनियम/नियम 2002 और शर्तों में निर्धारित शर्तों के अधीन है। (6) बैंक द्वारा निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य करने के उपरांत 25% प्रतिशत राशि (प्राथमिक राशि ईमएडी सहित) उसी दिन या अगले कार्यदिवस तक बैंक के **खाता संख्या 22830210001462, यूको बैंक, आनंद बाज़ार शाखा, आईएफएससी कोड UCBA0002283** के खाते में आरटीजीएस/एनईएफटी/मनी ट्रांन्सफर द्वारा जमा करनी होगी। (7) सफल बोलीकर्ता को अपने पक्ष में बिक्री की पुष्टि होने के 15 दिनो के भीतर बिड की बकाया राशि जमा कराना होगी यदि सफल बोलीकर्ता अपनी बकाया राशि उस अवधि के भीतर जमा करने में विफल होता है तो उस परिस्थिति में सम्पत्ति का पून: विक्रय किया जावेगा। ऐसी स्थिति में उसके द्वारा जमा कि गई राशि जब्त कर ली जावेगी। इसके अतिरिक्त उसे सम्पत्ति पर या उस सम्पत्ति पर दावा करने का कोई अधिकार नही होगा जिसे फिर से बेची गई है। (8) सम्पत्ति का निरीक्षण पूर्व अनुमति लेकर **दिनांक 21.02.2026 को प्रात: 10.00 बजे से सांयकाल 4.00 बजे** के बीच किया जा सकता है। सम्पत्ति सम्बन्धी अन्य जानकारी या विवरण के लिए **प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक, आंचलिक कार्यालय, इन्दौर, फोन नं.: 0731-2438331** से संपर्क किया जा सकता है। (9) यदि बिक्री 30 (तीस) दीनों की अवधि के लिये स्थगित की जाती है तो बिक्री की कोई नई शर्तें नहीं होगी। (10) बोलीकर्ता को नीलामी में भाग लेने के पूर्व सेवा प्रदाता के पोर्टल/वेबसाइट (अर्थात, **https://baanknet.com**) पर जाने की सलाह दी जाती है। नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने के पूर्व सभी बोलीकर्ताओं को बिक्री के नियम व शर्तों को ठीक तरह से पढ़ने व समझने की सलाह दी जाती है। नीलामी सुरक्षित लेनदार बैंक की पुष्टि के अधिन है। विवाद की स्थिति में अंग्रेजी शब्द में लिखित अखबार को मान्य किया जायेगा।

**स्थान : इन्दौर, दिनांक : 07.02.2026**
**प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक**